एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के अध्यक्षों के
नाम और उनके कार्यकाल की सूची (1966-2018)

एशियाई विकास बैंक किसे कहते है?

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) एक क्षेत्रीय विकास बैंक है, जिसकी स्थापना 19 दिसम्बर 1966 को **एशियाई देशों** के आर्थिक विकास को सरल बनाने के लिए की गई थी। यह बैंक यूएॅन (UN) इकोनॉमिक कमीशन फॉर एशिया एंड फार ईस्ट (अब यूएनईएससीएपी- UNESCAP) और गैर क्षेत्रीय विकसित देशों के सदस्यों को सम्मिलित करता है। जब एडीबी की स्थापना के समय कुल सदस्य देशों की संख्या 31 थी, लेकिन अब एडीबी के पास 67 सदस्य देश हैं- जिसमे से 48 एशिया और पैसिफिक से हैं और 19 बाहरी सदस्य देश हैं। एशियाई विकास बैंक (एडीबी) का मुख्यालय 6 एडीबी एवेन्यू, मंडलूयोंग सिटी, मैट्रो मनीला, **फिलिपिन्स** में स्थित है और इसके प्रतिनिधि कार्यालय पूरे विश्व में फैले हुए हैं।

मुख्यालय	मंडलूयोंग सिटी, मैट्रो मनीला, फिलिपिन्स
स्थापना	19 दिसम्बर 1966
कुल सदस्य देश	67 (2 फरवरी 2007 तक प्राप्त जानकारी के अनुसार)
वर्तमान अध्यक्ष	ताकेहिको नाकाओ (जापान)
प्रथम अध्यक्ष	ताकेशी वाटानाबे (जापान)

एशियाई विकास बैंक के वर्तमान प्रबंध निदेशक:

एशियाई विकास बैंक के वर्तमान अध्यक्ष ताकेहिको नाकाओ है। उन्होंने साल 2013 को एडीबी के 10वें प्रेसिडेंट के रूप में पद संभाला था।एशियाई विकास बैंक के पहले अध्यक्ष (प्रेसिडेंट) ताकेशी वाटानाबे थे। बोर्ड ऑफ गवर्नर्स द्वारा एशियाई विकास बैंक के अध्यक्ष का चुनाव किया जाता है और एडीबी अध्यक्ष का कार्यकाल 05 वर्षों का होता है। अब तक एडीबी के सभी अध्यक्ष जापान से ही बने हैं, क्योंकि जापान बैंक के सर्वाधिक बड़े शेयरधारकों में से एक है। वर्तमान में (फरवरी 2018 के अनुसार) **संयुक्त राज्य अमेरिका** और **जापान** दोनों देशों के पास 552,210 शेयर हैं जोकि कुल शेयरों का 12.756 प्रतिशत है।

एशियाई विकास बैंक के अध्यक्षों की सूची: (1966-2018)

नाम	कार्यकाल अवधि	देश
ताकेशी वाटानाबे (Takeshi Watanabe)	1966–1972	जापान
शिरो इनौ (Shiro Inoue)	1972–1976	जापान
तारोची योशीदा (Taroichi Yoshida)	1976–1981	जापान
मसाओ फुजीओका (Masao Fujioka)	1981–1989	जापान
किमिमासा तारुमिज़ु (Kimimasa Tarumizu)	1989–1993	जापान
मित्सु सतो (Mitsuo Sato)	1993–1999	जापान
तादाओ चिनो (Tadao Chino)	1999–2005	जापान
हारुहिको कुरोदा (Haruhiko Kuroda)	2005–2013	जापान
ताकेहिको नाकाओ (Takehiko Nakao)	2013–	जापान